
हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार 23 जून 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 32.2 डिग्री

4
नागरिकों की सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़ कई पैकेट पर कंपनी ....



**प्रवेश सूचना**
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (years)
D.Pharma (3 years) | Ophthalmic ass. (years)
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000

## खबर संक्षेप

### नए थानेदार पांडे ने किया पदभार ग्रहण

**पत्थलगांव।** नए थानेदार विनीत पांडे ने शनिवार को अपना पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे नक्सल क्षेत्रमें अपनी सेवाएं दे चुके हैं। श्री पांडे अपने कार्य शैली एवं अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए जाने जाते हैं। श्री पांडे ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि मेरे द्वारा जुआ, सट्टा एवं किसी भी तरह के अवैध कामों को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। अपराधियों पर लगाम लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।



### दफनाने के बाद मां ने की मृत महिला की शिनाख्त

**लखनपुर।** थाना कुंवरपुर बांध में 13 जून को मिली अज्ञात महिला की लाश की पहचान उसे दफन करने के बाद हुई हे। महिला की लाश की पहचान को लेकर पुलिस पेशोपेश में थी। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतका की फोटी जारी कर उसकी पहचान कराने की कोशिश में पुलिस ने लाश को अम्बिकापुर मरच्युरी में रखवाया था। महिला की पहचान नहीं होने की स्थिति में 6 दिन बाद पुलिस ने तहसीलदार की मौजूदगी में लाश को चीर घर के पास दफन करा दिया था। मृतिका की मां ने 20 जून को पुलिस द्वारा जारी तस्वीर की पहचान अमगसी निवासी अपनी पुत्री मनमेश्वरी पति पंचराम (39साल) के रूप में की है तथा पुलिस ने कब्र खोदकर शव देने की बात कही है जिसे मृतिका की मां ने मना कर दिया। उसने कब्र को यथावत रखने एवं कब्र में मिट्टी डालकर अंतिम संस्कार करने की बात कही है। मृतिका एवं उसके पति दोनों की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। मृतिका का ससुराल ग्राम पंचायत मुटकी में था महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर हो सकेगा।

### ऑटो पलटने से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** ऑटो के पटलने से सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चरचा सरडी निवासी ओम प्रकाश आ. रामचरण (45 वर्ष) गुरूवार को गांव के ही मोती राजवाड़े के साथ उसके ऑटो में बांस बल्ली लोड कर पण्डोपारा पहुंचाने जा रहे थे। जैसे ही चालक ग्राम जमनीपारा के समीप पहुंचा तभी ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में सवार ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई।

### सर्पदंश से गंभीर युवक व महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** अलग-अलग घटनाओं में सर्पदंश से गंभीर हुए युवक व महिला की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम डीगनगर निवासी संदीप आ. बिरबल (16 वर्ष) बीती रात बड़े भाई अजीत के साथ कमरे में जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान रात 1 बजे संदीप को जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने की बात संदीप ने भाई को बताया। अजीत ने मोबाइल टार्च जला कर देखा तो बिस्तर के पास करैत सांप था।

---

तीन सूत्रीय मांग को लेकर दे रहे धरना

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे जिले के सीएचओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले भर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। लंबित मानदेय, स्थानांतरण, सहित तीन सूत्रीय मांग को लेकर दे रहे हैं धरना। स्वास्थ्य विभाग की डेली ओपीडी ऑनलाइन डेटा ग्रामीण स्वास्थ्य हेल्थकैम्प टेलीमेडिसिन जैसी योजनाएं हो गई हैं ठप्प।

पूरे प्रदेश के साथ साथ जशपुर रंजिता स्टेडियम में छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार से जिले के सभी ब्लॉक के सीएचओ अपने तीन सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर है। जिसमे लंबित मानदेय भुगतान, गृह जिला स्थानांतरण एवं 8 किलोमीटर की दायरे में रेसीडेंस और कांकेर जिला संयोजक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की बहाली की मांग है। वहीं जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है की मानदेय नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक, मानसिक और कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जल्द से जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है



रंजिता स्टेडियम में धरना दे रहे जिले भर के स्वास्थ्य अधिकारी।

### समय पर वेतन व इनसेंटिव नहीं मिलता

शासन द्वारा हमारा, शारीरिक, मानसिक, और आर्थिक शोषण किया जा रहा है। न तो हमे समय पर वेतन दिया जा रहा है, न हमें काम करने के लिए सही माहौल दिया जा रहा है। हमारी महिला साथियों के साथ दुर्व्यहार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। हमारी मांग है कि हमारी महिला साथियों को उनके गृहग्राम में पोस्टिंग दी जाए और सही समय पर हमारा वेतन व इनसेंटिव दिया जाए।

### इंसेंटिव आ गया है

विगत एक वर्ष से सीएचओ को इनसेंटिव नहीं दिया गया है,जिसके कारण हड़ताल पर हैं। उनका इनसेंटिव आ गया है, विकास खंड भेजा जा चुका है।

**बीके इंदवार**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी

---

# कौशल्या ने पति के लिए रखा ज्येष्ठ पूर्णिमा वट सावित्री का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- विशेष पूजा में शामिल हुईं घरघोड़ा व छाल से बहनें

शुक्रवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास बगिया में सीएम विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने पति की लंबी आयु और उनके समृद्धि के लिए वट सावित्री का व्रत रखा। उन्होंनेर शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर कुनकुरी की रामायण मंडली के अलावा घरघोड़ा एवं छाल से भी बहनें पूजा में शामिल होने आईं हुईं थीं।

पीपल की तरह वट या बरगद के पेड़ का भी विशेष महत्व है। पाराशर मुनि के अनुसार- 'वट मूले तोपवासा' कहा गया है। पुराणों में यह स्पष्ट किया गया है कि वट में ब्रह्मा, विष्णु व महेश तीनों का वास है। इसके नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा आदि सुनने से मनोकामना पूरी होती है। वट वृक्ष अपनी विशालता के लिए भी प्रसिद्ध है।

मान्यता है इस व्रत को करने से पति को लंबी आयु प्राप्त होती है। इस व्रत की कथा सावित्री और सत्यवान से जुड़ी है। कहते हैं, ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज से जीवित कराया था।



वट वृक्ष की पूजा करतीं श्रीमती कौशल्या साय।

### धार्मिक के अलावा आयुर्वेद में भी वट वृक्ष का महत्व

धार्मिक दृष्टि से तो वट का महत्व है ही, चिकित्सा की दृष्टि से भी बरगद बहुत उपयोगी है। प्राचीन ग्रंथ वृक्षायुर्वेद में बताया गया है कि जो यथोचित रूप से बरगद के वृक्ष लगाता है, वह शिव धाम को प्राप्त होता है तथा आयुर्वेदिक मत से वट वृक्ष के सभी हिस्से कसैले, मधुर, शीतल तथा आंतों का संकुचन करने वाले होते हैं। कफ, पित्त आदि विकार को नष्ट करने के लिए इसका प्रयोग होता है। वमन, ज्वर, मूर्च्छा आदि में इसका प्रयोग लाभदायक है।

---

# राशन वितरण में लापरवाही पर नपे एसडीएम, दो दुकानों का आबंटन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- विधायक प्रबोध मिंज की शिकायत पर हुई कार्रवाई

ग्रामीणों द्वारा खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायत के बाद कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने धौरपुर एसडीएम को हटा दिया है जबकि शासकीय उचित मूल्य दुकान ककनी, जोरी का आबंटन निरस्त कर दिया है।

बता दें कि शुक्रवार को लुं ड्रा विधायक प्रबोध मिंज के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर के पास पहुंचे थे और उन्होंने राशन वितरण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर सरगुजा द्वारा एसडीएम धौरपुर राम सिंह ठाकुर को जिला कार्यालय अटैच किया गया है जबकि उनके स्थान पर अब डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक धौरपुर के एसडीएम होंगे।



वहीं कलेक्टर के निर्देश पर धौरपुर के शासकीय उचित मूल्य दुकान ककनी तथा जोरी का आबंटन निरस्त कर दिया गया है।

आबंटन के निरस्तीकरण हेतु जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत ककनी के शासकीय उचित मूल्य दुकान ककनी का संचालन कमल महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा था, उनके द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता किए जाने की शिकायत पर समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संचालक एवं विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाये जाने एवं संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धौरपुर के द्वारा आबंटित दुकान निरस्त कर शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत दुन्दु में अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संलग्न किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जोरी के शासकीय उचित मूल्य दुकान जोरी का संचालन सूरज खाद्य एवं उपभोक्ता समूह द्वारा किया जा रहा था।

---

# मनोरा ब्लाक को मिलेगी बुनियादी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- विधायक रायमुनि भगत की पहल पर एक करोड 15 लाख की स्वीकृति

विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पुल, पुलिया जैसे बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए विधायक निधि मद से 1 करोड़ 15 लाख रूपये की स्वीकृति विधायक रायमुनि भगत की पहल पर मिल गई है। आवश्यक का ग जी कार्रवाई के बाद,जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

मनोरा में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक रायमुनि भगत ने इन निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। सभा को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किये गए वायदे को पूरा करते हुए, मनोरा ब्लाक के विकास के लिये इन निर्माण कार्यो को स्वीकृति दी गई है। उन्होनें कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यो में ग्राम पंचायत सोनक्यारी में मुख्यमार्ग से डूमरटोली पहुंच मार्ग में 40 लाख की लागत से पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत टेम्पू में मुख्यमार्ग से केरेकोना मार्ग में 35 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्यो को प्राथमिकता से शामिल किया गया है, जिनका निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर स्थानीय लोगों का संपर्क साधन और अधिक सुविधाजनक हो जाएगा।

विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि जशपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव 12 मासी पक्की सड़क से जुड़ सके। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में संबोधित कहा कि विधायक रायमुनि भगत,क्षेत्र के विकास और जनता की समस्या को सुलझाने के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार, कुमार दिलीप सिंह जूदेव के सपने के अनुरूप जशपुर जिले को विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। जशपुर के माटीपुत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही जशपुर को मेडिकल कालेज का उपहार देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए, कुनकुरी में 220 बिस्तर वाला सर्वसुविधा युक्त अस्पताल की ना सिर्फ घोषणा की, बल्कि भवन निर्माण के लिए बजट भी स्वीकृत कर दिया है। जल्द ही यह अस्पताल मूर्त रूप ले लेगा, जिससे जशपुरवासियों को इलाज के लिए रांची, अंबिकापुर दौड़ने से मुक्ति मिल जाएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, आर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगरगरपालिका जशपुर के उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, रूपेश सोनी, कृपा शंकर भगत, फैजान सरवर खान, सुषमा सिंह, प्रभाकर यादव सहित भाजपा के कार्यकर्ता और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।



विकास कार्य का शुभारंभ करती विधायक।



भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।

---

# घर से 32 नग साल चिरान व कंडी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- वन अधिकारियों ने की कार्रवाई

वन विभाग ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई कर घर से 32 नग साल चिरान व कंडी जब्त किया है। वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है जो बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई करने के साथ ही दूसरे प्रांतों में कीमती लकड़ियों की तस्करी कर रहे है।

हालांकि समय समय पर वन विभाग द्वारा तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है लेकिन कार्रवाई के बाद भी पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में लखनपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कुन्नी सर्किटल अंतर्गत एक घर में बड़ी संख्या में अवैध लकड़ी रखी हुई है। सूचना मिलने के बाद के वन परिक्षेत्र अधिकारी मेरी लीला लकड़ा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कुन्नी सर्किल अंतर्गत ग्राम मांजा लोटान पारा निवासी 32 वर्षीय जगतू राम आ. इंदल साय के घर छापेमारी की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान जांच में वन विभाग की टीम ने घर से 32 नग साल चिरान व साल कंडी 0.614 घन मीटर जब्त किया गया। वन विभाग द्वारा आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के तहत कार्रवाई की है। वहीं उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नियमित रूप से तस्करों पर नजर रखी जा रही है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

---

## महिला का अश्लील वीडियो बनाने के मामले में आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** महिला की अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देने और 20 हजार रुपए की मांग करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने अश्लील वीडियो बनाने वाले आरोपी को पंजाब के जलालाबाद से गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला को उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर फौजी साहब एवं अमन फौजी के नाम से मैसेज आया था इस दौरान दोनों के बीच इंस्टाग्राम पर बातचीत होती थी और बाद में दोनों मोबाइल फोन पर बात होने लगी। इस दौरान वीडियो कॉल पर बात करते समय उसने महिला का अश्लील वीडियो बना लिया और हमेशा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर फोन पर बात करने की धमकी देता था। इसके साथ ही आरोपी द्वारा 20 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। ऐसे में महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की।

## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** काम के बहाने घर ले जाकर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी होटल संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश जारी किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर कचहरी कामप्लेक्स के होटल में काम कराने के बहाने 50 वर्षीय होटल संचालक ने एक नाबालिग को बहला फुसलाकर होटल में काम करवाने लगा था। शाम को होटल का काम खत्म करने के बाद लड़की को अपने घर लेकर चला जाता था। 2 जून से लेकर 10 जून तक यही चलता रहा। इसी बीच होटल संचालक ने घर में ही लड़की के साथ दुष्कर्म किया। घटना की रिपोर्ट नाबालिग ने 20 जून गुरुवार को थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी। अपनी रिपोर्ट में नाबालिग ने कहा था,कि कचहरी कांप्लेक्स के जिस दुकान में काम करती है उसका मालिक मेरे साथ दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट लिखने के साथ ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 21 जून शुक्रवार को आईपीसी की धारा 376,2(एन) एवम पास्को एक्ट की धारा 4,5(एल) ,6 के तहत होटल के मालिक को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया है।

---

योग से एकाग्रता व कार्यक्षमता में होती है वृद्धि

# स्वच्छ मन स्वच्छ शहर की थीम पर मनाया गया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- सीएमओ, अधिकारी कर्मचारी व छात्र -छात्राएं शामिल

नगर के हाई स्कूल प्रांगण में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ''स्वच्छ मन स्वच्छ शहर की थीम पर योग दिवस मनाया गया। जनप्रतिनिधियों, सीएमओ, नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों सहित स्कूली शिक्षक छात्र नागरिक व स्वक्षता दिदियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वच्छ मन स्वच्छ शहर का संदेश जन जन तक पहुंचाया। नगर पंचायत कोतबा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सीएमओ बसंत बुनकर के निर्देश पर हुआ। नगर पंचायत के सीएमओ ने स्वागत उद्बोधन दिया।

स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता कमांडो, स्वास्थ्य कर्मचारियों तथा अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, स्वच्छता के प्रति जागरूकता, तनाव प्रबंधन, एकाग्रता व कार्यक्षमता में वृद्धि तथा कार्यस्थल पर सकारात्मकता के लिए नगरीय निकाय कोतबा में हार्टफुलनेस के माध्यम से ''स्वच्छ मन स्वच्छ शहर की थीम पर विशेष योग का आयोजन किया गया। निकाय में कार्यरत स्वच्छता दीदियों, कर्मचारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सामान्य योगाभ्यास में सबसे पहले मंगलाचरण उसके बाद खड़े होकर किए जाने वाले योगाभ्यास में ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, का अभ्यास सह आसनों के लाभ एवं निषेध पर ⏭ शेष पेज 4 पर



स्कूल प्रांगण में योग करते नागरिक व छात्रछात्राएं।



योगाभ्यास के दौरान दिशा-निर्देश देते सीएमओ।

### उप मुख्यमंत्री साव के उद्बोधन का प्रसारण

उप मुख्यमंत्री अरुण साव 21 जून को सवेरे पौने सात बजे कोरबा के छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल फुटबाल मैदान में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित किया। जिसका प्रसारण कोतबा नगर पंचायत के हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में वेब लिंक के माध्यम से कोरबा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से जोड़ कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिए गए उद्धबोधन का प्रसारण सुनाया गया।



22-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/22/2024 7:36 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सीआरपीएफ 62 बटालियन के जवानों ने किया योगाभ्यास

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 62वीं बटालियन के दूरदर्शन कॉलोनी स्थित मुख्यालय में कमांडेट प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सुबह 6:30 से 7:45 बजे तक योगासनों का अभ्यास किया। कमांडेट श्री सिंह अधिकारी व जवानों को योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में बताया एवं अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

### साई बाबा आदर्श कॉलेज में मना योग दिवस



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग का अभ्यास किया गया। प्राचार्य डॉ राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि नियमित योग करें और दूसरों को भी योग-प्राणायाम के लिए प्रेरित करें। इससे आप स्वस्थ रहेंगे और समाज भी स्वस्थ होगा। उन्होंने सूर्य नमस्कार, तितली आसन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति से शरीर पर पड़ने वाले लाभ के बारे में बताया। दो योग प्रशिक्षकों के साथ आर्ट ऑफ लिविंग के तानसेन गुप्ता ने आसनों का अभ्यास कराया। इस दौरान डॉ.आरएन शर्मा, अरविन्द तिवारी, शैलेष देवांगन, विवेक कुमार गुप्ता, दिनेश शाक्य सहित अन्य अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### तेरा पंथ के सदस्यों ने किया योगाभ्यास



**अम्बिकापुर।** समणी विपुल प्रज्ञा एवं आदर्श प्रज्ञा के सानिध्य में शिक्षिका श्रीमती स्वीटी महनोत ने तेरा पंथ के सदस्यों को योगासनों का अभ्यास कराया। विपुल प्रज्ञा ने योग एवं नवकार मंत्र द्वारा नवग्रह के प्रभाव को शांत करने एवं शरीर को स्वस्थ रखने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में 13 प्रकार की कोशिकाएं है, जिसपर योग द्वारा अलग-अलग तरीके से काबू पाया जा सकता है। उन्होंने प्रेक्षा ध्यान के बारे में बताया एवं कहा कि जिस प्रकार मनुष्य को जिंदा रहने के लिए भोजन और पानी की आवश्यकता होती है उसी प्रकार शरीर को जिंदा रखने के लिए योग की आवश्यकता है। प्रत्येक मनुष्य को अपनी आत्मा और शरीर के लिए योग आसनों का अभ्यास करना चाहिए।

### पीजी कॉलेज में भौगोलिक अनुसंधान एवं सावधानियां विषय पर व्याख्यान



**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान में डॉ.हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सेवानिवृत प्रोफेसर तथा जनसंख्या अनुसंधान केन्द्र के डायरेक्टर डॉ.संतोष शुक्ला ने भौगोलिक अनुसंधान की प्रकृति, उसकी शोध प्रक्रिया, क्रमबद्ध आनुभाविक, नियंत्रित एवं तर्कपूर्ण अध्ययन, वस्तुनिष्ठता व व्यवहारिकता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विभागाध्यक्ष डॉ.आरके जायसवाल ने भागौलिक अनुसंधान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक डॉ अनिल सिन्हा ने कहा कि देश के मूर्धन्य भूगोल वेत्ता डॉ.शुक्ला की अकादमी अभिरूचि एवं सक्रियता का छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। सहायक प्राध्यापक श्रीमती दीपिका स्वर्णकार ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो.प्रेमचंद यादव, गेस्ट प्राध्यापक ओमकार कुशवाहा तथा स्नातकोत्तर की छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

### नीट परीक्षा में गड़बड़ी की हो पारदर्शी तरीके से जांच

**अम्बिकापुर।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर केन्द्र सरकार की



आलोचना की है तथा नीट परीक्षा में धांधली होने का आरोप लगाया है। परीक्षा में गड़बड़ी से परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों का परिश्रम बेकार हो गया है। पेपर लीक होना अपराध है एवं इसके विरूद्ध सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने केन्द्र सरकार से छात्रों के भविष्य से जुड़े इस विषय की पारदर्शी तरीके से जांच करने छात्रों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग की है।

## योग दिवस पर लोगों ने किया योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास

# योग परंपरा व संस्कृति का हिस्सा, मिलती है ऊर्जा

**अम्बिकापुर शुक्रवार को शहर सहित पूरे जिले भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारी उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में योग शिक्षकों ने योगासनों एवं प्राणायाम के नियमित अभ्यास से होने वाले लाभ से अवगत कराया।**

### सैनिक स्कूल में योगा फॉर सेल्फ एन्ड सोसायटी की थीम किया गया योग



मेंड्राकला स्थित सैनिक स्कूल में योग दिवस मनाया गया। स्कूल के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल के नेतृत्व में योगा फॉर सेल्फ एन्ड सोसायटी की थीम पर किया गया। इस दौरान सैनिक स्कूल परिसर में निवासरत अधिकारी-कर्मचारियों, कैडेट्स ने योगाभ्यास किया। योग दिवस पर योगासन कार्यक्रम का संचालन स्कूल के खेल प्रशिक्षक सीएचएम वाई इन्द्रा जॉनी द्वारा किया गया। योगासन प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पहले शरीर को ताजगी एवं स्फूर्ती प्रदान करने हेतु सर्वप्रथम अलग-अलग समूहों में योगा दौड़ कराया गया। इसके पश्चात खेल प्रशिक्षक ने योग के बारे में जानकारी देते हुए योग करने के लाभ को बताया। योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न आसनों के बारे में जानकारी देते हुए सूर्य नमस्कार मुद्रा से योग प्रारंभ कराया गया। इसके पश्चात ताड़ासन, भुजंगासन, नौकासन, सुखासन, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, भस्रिका एवं कपालभाति प्राणायाम आदि कराए गए। इस अवसर पर ग्राम मुड़ेसा स्थित डेम में भी योगासन कराया गया जिसका मुख्य उद्देश्य पानी बचाव अभियान को बढ़ावा देना एवं अगली पीढ़ी के लिए पानी सुरक्षित रखना था। सैनिक स्कूल में अध्ययनरत कैडेटों के मध्य जूनियर एवं सीनियर वर्ग में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसका थीम योगा फॉर सेल्फ एण्ड सोसायटी था। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने योग को व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार बताया जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगों को बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है।



### भाजपा कार्यालय, संकल्प भवन

भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में नगर मण्डल द्वारा योग दिवस मनाया गया। सांसद चिन्तामणि महाराज, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज व वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर के आतिथ्य में आचार्य कमलेश सोनी तथा अम्बिका शुक्ला ने उपस्थित लोगों से योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। सांसद चिन्तामणि महाराज ने कहा कि निरोगी जीवन के लिए योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। योग हमारे तन और मन दोनों शक्तियों को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। इस दौरान जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, नगर मण्डल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, फुलेश्वरी सिंह, अम्बकेश केशरी, विनोद हर्ष, डीके पुरिया, मंजूषा भगत, करताराम गुप्ता, संतोष दास, अभिषेक शर्मा, आलोक दुबे, जन्मेजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### मानव श्रृंखला बनाकर किया योग के लिए प्रेरित

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय में जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता, सरगुजा साइंस ग्रुप के संयोजक आंचल ओझा, जन शिक्षण संस्थान के संचालक एक सिद्धिकी व योग प्रशिक्षक अमृता मेहता की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमृता मेहता ने योग का महत्व बतायवा और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में योग विषय पर आयोजित चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मोदी जी के सेल्फी प्वाइंट पर छात्र-छात्राओं ने जमकर सेल्फी ली। अंत में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर योग के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्यूरो प्रभारी हिमांशु सोनी ने किया।



### केआर टेक्निकल कॉलेज

केआर टेक्निकल कॉलेज में योग दिवस मनाया गया। आयोजन में अध्यापक, कर्मचारी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। योग शिक्षिका स्वीटी जैन ने उपस्थित लोगों से आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। सेंट्रल बैंक के अधिकारी श्याम गुप्ता ने कहा कि हमें योगाभ्यास को अपने रोजमर्रा के जीवन में शामिल करना होगा। योग का अभ्यास हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। आने वाले समय में भी हम मिलकर इस तरह के सामाजिक सरोकार की गतिविधियां आयोजित करते रहेंगे। उपाध्यक्ष श्री राहुल जैन ने कहा कि योग निरंतर करने वाला अभ्यास है। इसका लाभ तभी मिलेगा जब हम इसका नियमित अभ्यास करें। इस दौरान क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह, संजय प्रधान, नीरज गोस्वामी, प्रियेश गौतम, अनुराग, चंदन, डायरेक्टर श्रीमती रीनू जैन आदि उपस्थित थीं।



### स्टेडियम ग्राउण्ड एवं शैला रिसोर्ट

**मैनपाट।** स्टेडियम ग्राउंड नर्मदापुर में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल सिंह ने कहा कि योग एक जीवन शैली है जिसने अपना लिया वह शरीर व मन दोनों से स्वस्थ हो जाता है। दैनिक जीवन में योगाभ्यास शामिल हो ऐसी कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम में शिथिलीकरण आसन, प्राणायाम, ध्यान व संकल्प के साथ योग अभ्यास कराए गए। शैला रिसोर्ट में भी योग किया गया। अंत में जनपद सीईओ अमन यादव ने कहा कि आज के भागमभाग के दौर में योग को जीवन का अनिवार्य अंग बनाना जरूरी है। इस दौरान नायब तहसीलदार कृष्ण कंवर, बीईओ योगेश शाही, बीएम ओआरएस सिंह पैकरा, कुंज बिहारी गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, प्रवीण टेकाम, गजानंद दास, अंजना कुजूर वही शैला रिसोर्ट में मंडल अध्यक्ष रजनीश पाण्डेय, श्रीराम यादव, कल्पदेव यादव, नरसिंह यादव, अनिल राइस सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




### श्यामनगर में संकुल स्तरीय योग

हायर सेकेण्डरी स्कूल श्यामनगर में संकुल स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम में स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने एक साथ योगाभ्यास किया। व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी ने योगाभ्यास कराया और नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में हायर सेकेण्ड्री स्कूल, प्राथमिक शाला श्याम नगर, तमोरपारा एवं माता राजमोहनी देवी शाला श्यामनगर के स्टाफ व बच्चों ने एक साथ योगाभ्यास किया। योग शिक्षक अजय चतुर्वेदी ने ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन, तड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोण आसन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन तथा विविध प्राणायामों का अभ्यास कराया। योग केवल कसरत ही नहीं बल्कि यह एक ऊर्जा के रूप में काम करता है। इस दौरान प्राचार्य प्रदीप कुमार जायसवाल, व्याख्याता लीलाधर नायक, अजय पटवा, विवेक एक्का, विजय भारती, श्रीमती दीप्ति एक्का सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।




### डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में किया गया योग

**राजपुर।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु में योग करके निरोग रहने का संदेश दिया गया। इस दिवस की महत्ता को बरकरार रखने के लिए विद्यालय के प्राचार्य व समस्त शिक्षकों ने योग की क्रियाविधि में हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग निरोग रहने का उत्तम माध्यम है। हमें दिन की शुरुआत योग से ही करना चाहिए ताकि हमारा शरीर स्वस्थ बना रहे।



### संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय

एसजीजीयू के प्रशासनिक भवन में आर्ट ऑफ लिविंग की योग शिक्षिका श्रीमती ममता तिवारी ने अधिकारी-कर्मचारियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कुलपति प्रो.अशोक सिंह ने योगाभ्यास के महत्व को बताया एवं नियमित योगाभ्यास करने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन तनाव से भरा है। हमारे लिए सबसे कीमती शरीर की देखभाल के लिए समय नहीं है जिससे कई तरह के विकास उत्पन्न होते है। इससे निजात पाने के लिए हमें हर दिन योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में एक योग सेन्टर खोलने की घोषणा की। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने सभी को योग के फायदे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि परिवार को प्यार करने वाले अपने शरीर से भी प्यार करें एवं स्वास्थ्य रहने के लिए नियमित योगाभ्यास करें। इस दौरान सभी अध्यापक विवि के अधिकारी-कर्मचारी एवं रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित थे।



### विवि इंजीनियरिंग कॉलेज

विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज में योग शिक्षिका श्रीमती अवन्तिका गजोरिया के मार्गदर्शन में योगासन का अभ्यास किया गया। उन्होंने योग से होने वाले विभिन्न फायदे के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने कहा कि योग भारत में प्राचीन काल से चला आ रहा है। हमें प्रतिदिन योग तथा प्राणायाम करना चाहिए। योग बच्चों की एकाग्रता, याददाश्त और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, शारीरिक फिटनेस मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक जागरूकता को बेहतर बनाने में मदद करता है। सहायक प्राध्यापक महीधर दुबे, ने योग दिवस के महत्व के बारे में बताया।

### पुष्पेंद्र कॉलेज ऑफ फार्मेसी

पुष्पेन्द्र कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को अध्यापकों के साथ योगासनों का अभ्यास किया। संस्था के संचालक दिवाकर शुक्ला ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को योगासनों से होने वाले लाभ से अवगत कराया।



### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नव विश्व भवन में योगासन, प्राणायाम का अभ्यास किया गया। ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी ने कहा कि योग मानव जीवन का अभिन्न अंग है तथा यह भारत की प्राचीन विद्या है जिसे सीखने देश-विदेश के लोग भारत आते है। आत्मा का परमात्मा के साथ मधुर मिलन ही अलौकिक योग है। उन्होंने कमेन्ट्री के माध्यम से राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

## स्टेडियम में विभिन्न मुद्राओं से किया गया योग



**सूरजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक योग का आयोजन किया गया।

■ कलेक्टर, जिपं सीईओ, जनप्रतिनिधि, नागरिक तथा अधिकारी कर्मचारियों ने किया सामूहिक योग

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में बाबूलाल अग्रवाल, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती गीता जायसवाल, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे, जिपं सीईओ, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, नागरिकों सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए।

मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि योग हमारे परंपरा और संस्कृति का हिस्सा रहा है। ऋषि मुनि भी योग से सिद्धि प्राप्त करते थे और समाज के कल्याण में ऊर्जा को लगाते थे। हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी योग का संदेश दिया है। इस अवसर पर बच्चे बुजुर्ग योग कर रहे हैं। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा हैं। योग भारतीय संस्कृति की पहचान है। शरीर स्वस्थ रहे इसलिए दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही प्रतापपुर में भी भव्य कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शंकुन्तला सिंह पोर्ते उपस्थित थी।

### राज्य ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों किया ध्यान-साधना



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार के प्रशिक्षक राम कृष्ण ओझा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारी कर्मचारियों को योगाभ्यास एवं ध्यान साधना कराया गया। कार्यक्रम ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में हैप्पीनेस सेंटर, सूर्योदय एग्रो फॉर्म्स, रिंग रोड, तिलसिवां में ग्रामीण बैंक के अधिकारीयों, कर्मचारियों एवं आर्ट ऑफ़ लिविंग के वालिंटियर्स तथा सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान सुरेंद्र अग्रवाल, श्याम लाल गोयल, श्रवण जैन, अनूप अम्बस्ट, दीपक वर्मा, विवेक रंजन, अनिल गुप्ता, अशोक कुमार, शंकर सिंह, गौरव त्रिपाठी, कुणाल कुमार, यशबीर सिंह, अभिषेक दूबे, राकेश चौबे, अमर द्विवेदी, ऋतिक गुप्ता, शिवम ओझा, अभिषेक मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पुलिस के अधिकारी एवं जवानों ने उत्साह व समर्पण के साथ किया योग



पुलिस विभाग हमेशा समाज की सेवा के लिए हर परिस्थितियों में तत्परता के साथ अपना सारा समय देता है। इसलिए पुलिस जवानों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। योग से संयम और धैर्य बढ़ता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन सहित जिले के सभी थाना-चौकी में पुलिस अधिकारी और जवानों ने बड़े उत्साह और समर्पण के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन में आयोजित योग कार्यक्रम में योग शिक्षक संजय गिरी व महिला प्रधान आरक्षक संतोषी गिरी द्वारा पुलिस अधिकारियों व जवानों को योगाभ्यास कराया। शिथिलीकरण के अभ्यास, खड़े होकर किए जाने वाले 5 आसन, बैठकर किए जाने वाले 7 आसन सहित कपालभाती, अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, शीतली, भ्रामणी प्राणायाम व ध्यान के अभ्यास कराए साथ ही योग क्या महत्व रखती है उसके बारे में विस्तार से बताया।

## योग से मनुष्य शारीरिक, भावानात्मक रूप से रहता है स्वस्थ



**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक पी. के. वैद्य एवं संस्कृत शिक्षक अमूल्य भोई के निर्देशन में विद्यालय परिवार एवं विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व रासेयो समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से विविध योगासनों सूर्यनमस्कार, सुखासन, भुजंगासन, बज्रासन, वृक्षासन, हलासन उत्तानपादासन आदि तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, शीतली ध्यान आदि प्राणायाम की क्रियाएं की गई। विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक ने उपस्थिजनों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाए दी और सबके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में योग की क्रियाओं के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से मनुष्य शारीरिक ,मानसिक और भावानात्मक रूप से स्वस्थ रहता है। इससे मनोमस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा विकसित होती है और जीवन उल्लासमय हो जाता है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक अजय तिवारी ने समस्त विद्यालय परिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। क्रीड़ा शिक्षक पी. के. वैद्य ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि तनाव रहित स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। इससे हमारा सर्वांगीण विकास होता है और स्वस्थ जीवन शैली विकसित होती है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एल. आर. साहू एवं समिति सदस्य पी. के. वैद्य, एम के सारंगी, बिमान घोष, मानस मेटा , चित्रावती मिश्रा व स्वयंसेवकों सहित समस्त विद्यालय परिवार ने आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया । वरिष्ठ हिंदी शिक्षक ए एम चौबे के द्वारा आभार ज्ञापन व सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन हुआ।

### खेलो इंडिया लघु केन्द्र हर्राटिकरा में खिलाड़ियों ने किया योग



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत खेलो इंडिया के तहत मिनी स्टेडियम ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में स्थापित फुटबॉल ट्रेनिंग सेन्टर लघु केन्द्र के खिलाड़ियों द्वारा उत्साह के साथ स्वयं और समाज के लिए योग की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योगाभ्यास में उपस्थिति खेल अधिकारी आरती पाण्डेय ने योग का महत्व को बताया। फुटबॉल कोच एवं योग प्रशिक्षक रामबहादुर लांबा द्वारा खिलाड़ियों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पंकज डोंगरे, महेन्द्र सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

### विश्व योग दिवस पर शिक्षक सहित ग्रामीणों ने दो घंटे तक किया योगाभ्यास



**पोडी मोड़।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शिक्षक सहित ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह 5 बजे से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी के मैदान में पहुंचकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और दो घंटे तक योग किया। विजय नारायण कुशवाहा, शिवचरण नापित, वीरेन्द्र गुप्ता, मनोहर प्रसाद कुशवाहा व संजय कुशवाहा ने बताया कि योग करने से कई फायदे है हमें प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। आज के समय के लोग कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी है जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती निशा तिवारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एकल अभियान अंचल ने लिया संकल्प



**रामानुजनगर।** एकल अभियान के बैनर तले विश्व योग दिवस के अवसर पर जिले के 360 विद्यालयों में योग प्रशिक्षकों द्वारा योग कराया गया जबकि कुछ गांव में आचार्य द्वारा योग कार्यक्रम कराया गया। योग कार्यक्रम में गांव के महिला, पुरुष एवं एकल के बालक, बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योग करें निरोग रहे का संकल्प लेकर एकल अभियान ने यह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस बीच एकल अभियान अंचल समिति पदाधिकारी भी ग्रामों में शामिल हुए। कृष्णपुर विद्यालय, ग्राम देवनगर में योग कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया गया। जहां ग्राम के 46 महिला, 52 पुरुष अंचल समिती 4 कुल 102 उपस्थित रहे। इस दौरान राजेश साहू, मनोज कुमार, प्रदीप झा, शिवम दुबे, बोधन राम प्रजापति, शिवनारायण,आचार्य चंद्र प्रकाश यादव, श्रीमती लीलावती, रामवृक्ष सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामानुज नगर



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों ने विद्यालय के छात्रों और स्वयंसेवकों के साथ विश्व योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पीसी सोनी, विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश उपाध्याय, सरपंच सुशीला सिंह, सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह टेकाम, पंच दशरथ गुप्ता, बीना गुप्ता, शोषण सिंह, संगीता तांजे, योग शिक्षक मनमोहन प्रसाद, व्याख्याता दिलीप शर्मा, सीमा दुबे, श्रुति साहू, नितिन सिन्हा, सुनील गुप्ता, गोपाल सिंह, प्रधान पाठक प्रकाश जोल्हे, शिक्षक बिहारी लाल साहू, वर्षा सिंह, श्याम सिंह मरावी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नरेश गुप्ता, शिक्षक राजीव मिश्रा, इकराम, इसरार हयात, नवीन राठौर, विवेक, निकिता केसरी, आंचल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ नागरिकों ने किया योग



**सीतापुर।** योग दिवस पर निरोग रहने का मूलमंत्र देने नगर में योग शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत द्वारा मंगल भवन में आयोजित योग शिविर में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी समेत नगर वासियों ने योगाभ्यास किया। योग शिक्षक शैलेंद्र विशी एवं आशीष नायक ने सभी को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर योग शिक्षक शैलेंद्र विशी ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि योग हमारे शरीर को निरोग रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। योग के जरिये इंसान जटिल से जटिल रोगों से मुक्ति पा सकता है। उन्होंने बताया कि आज भारत पूरी दुनिया में योग का प्रचार प्रसार कर इसे लोगों के जीवन का हिस्सा बना दिया है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्राथमिक शाला घुरवाबुडा में बच्चों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान प्रधान पाठक आशा सोनी ने योग का लाभ बताते हुए बच्चों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर गांव के लोगों ने भी बच्चों के साथ स्कूल प्रांगण में योगाभ्यास किया।



# रोहित शेट्टी ने खुद किया खतरनाक स्टंट

**नई दिल्ली।** खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा रहे हैं। इसी बीच इंटरनेट पर रोहित शेट्टी ने खुद स्टंट करते हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट कर दी हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का हर सीजन दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आता है। इस सीजन में भी फैंस को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। सामने आ रही शूटिंग की तस्वीरों और वीडियोज के आधार पर कहा जा सकता है कि यह सीजन काफी मुश्किल रहने वाला है। क्योंकि, अभी तक कई एक्टर्स के टास्क करने की कोशिश में जख्मी होने या फिर किसी कीड़े के काटे जाने की खबरें आ चुकी हैं।

लाइफ Style



# ईशा कोपिकर

## झेल चुकी हैं कास्टिंग काउच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ईशा कोपिकर, जिन्होंने फिजा फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने हाल ही में अपने कास्टिंग काउच के एक्सपीरियंस को शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैं 18 साल की थी। जब एक सेक्रेटरी और एक एक्टर ने मुझे कास्टिंग काउच के लिए अप्रोच किया। उन्होंने कहा कि आपको काम के लिए एक्टर्स के साथ फ्रेंडली होना पड़ेगा।

मैं बहुत फ्रेंडली हूं। लेकिन उस फ्रेंडली का मतलब क्या है। मैं इतनी फ्रेंडली हूं कि एकता कपूर ने एक बार मुझसे कहा था कि थोड़ा एटिट्यूड रखा करो। आगे एक्ट्रेस ने कहा, 'जब मैं 23 साल की थी, तो एक ए लिस्ट एक्टर ने मुझसे अकेले में मिलने के लिए कहा, मेरे ड्राइवर या किसी और के बिना, क्योंकि उसके बारे में अफ़वाहें थीं कि वह दूसरी एक्ट्रेसेस के साथ संबंध रखता है। उसने कहा, 'मेरे बारे में पहले से ही विवाद हैं, और कर्मचारी अफ़वाहें फैलाते हैं।' लेकिन मैंने मना कर दिया और उससे कहा कि मैं अकेले नहीं आ सकती। वह हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री का एक ए-लिस्ट अभिनेता था।'

एक इंटरव्यू में ईशा कोपिकर ने कहा, 'मैंने हीरो को फ़ोन किया, जिसने मुझे अकेले में मिलने के लिए कहा था। उस समय, उस पर बेवफाई का आरोप लगाया जा रहा था, इसलिए उसने मुझे अपने स्टाफ को छोड़कर उससे मिलने के लिए कहा गया।' उसके बाद ईशा ने बताया कि उसने प्रोड्यूसर को फ़ोन किया और कहा कि उसे 'प्रतिभा और लुक के कारण चुना गया है और अगर इससे मुझे अच्छा काम मिल सकता है, तो यह काफी अच्छा है।' गौरतलब है कि ईशा कोपिकर 90 के दशक में बतौर मॉडल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मराठी फिल्मों में काम किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# नशे में धुत पाए गए रैपर ट्रैविस स्कॉट

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर, गायक और गीतकार ट्रैविस स्कॉट को मियामी क्षेत्र से गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। गायक पर अव्यवस्थित नशा और अतिक्रमण का आरोप लगा है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, रैपर को मियामी में नशे में धुत होने और अतिचार के आरोप में गुरुवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन्हें जल्द ही रिहा भी कर दिया गया, लेकिन इसके लिए उन्हें रकम चुकानी पड़ी। जेल रिकॉर्ड से यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने 650 डॉलर (तकरीबन 55 हजार रुपये) का बॉन्ड जमा किया, जिसके बाद उन्हें रिहाई मिल गई।



# ऑस्कर की श्रेणी में शामिल हो सकता है सर्वश्रेष्ठ स्टंट का पुरस्कार?

**लॉस एंजिलिस।** ऑस्कर फिल्म जगत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। 1927 में पहली बार इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था और साल 2028 में इसके 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में ऑस्कर अवॉर्ड देने वाली संस्था एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा कुछ खास तैयारियां की जा रही है और आने वाले दिनों में जो आयोजन होंगे उसमें कुछ बड़े बदलाव भी होने जा रहे हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के सीईओ बिल क्रेमर ने हाल ही में एक साक्षात्कार दिया। इसमें उनसे पूछा गया कि क्या वो सर्वश्रेष्ठ स्टंट के लिए भी ऑस्कर पुरस्कार देने पर विचार कर रहे हैं। जवाब में, क्रेमर ने कहा कि इस बारे में उनकी प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा के साथ बातचीत चल रही हैं। एकेडमी का एबीसी के साथ जो समझौता है उसके तहत मात्र 23 श्रेणियों के पुरस्कारों को ही टीवी पर दिखाया जाता है।



# किआरा की सिंगिंग सुन कर लेंगे तौबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी के एक्टिंग के जौहर तो आपने कई फिल्मों में देखे होंगे। गजब तो तब हो गया जब किआरा ने अपना सिंगिंग टैलेंट दिखाया। वो भी ऐसी वैसी जगह नहीं किआरा ने इंडियन आइडल के ग्रैंड फिनाले पर उन्हीं के मंच पर आकर तीन फाइनलिस्ट के लिए ऐसा गाना गाया कि जज अनु मलिक से लेकर वहां मौजूद ऑडियंस का चेहरा देखने लायक था। हम शर्त लगा कर कह सकते हैं कि ये वीडियो देखने के बाद आप यकीनन चाहत फतेह अली खान को उनके बदो बदी गाने के लिए माफ कर देंगे। उनका गाना तो एक बार आपकी जुबान पर चढ़ जाएगा लेकिन किआरा का गाना सुनने के बाद अनु मलिक और खुद सिद्धार्थ मल्होत्रा के चेहरे पर जो एक्सप्रेशन थे वो देखने लायक थे। ये वीडियो दो साल पुराना है। इसमें सिद्धार्थ और किआरा बतौर जज शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचे थे।



# पैपराजी पर भड़के जैकी आया गुस्सा?

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ अपने सरल स्वभाव और चटपटी बोली के लिए जाने जाते हैं। उनके चाहने वाले उनके पीछे-पीछे उनके साथ निकल पड़ते हैं। अब हाल ही में, दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ शुक्रवार को मुंबई में बाहर निकलते ही पैपराजी द्वारा घेर लिए गए, और वह उन्हें सलाह देते हुए देखे गए, साथ ही उनसे दूरी बनाए रखने और भीड़ इकट्ठा न करने के लिए भी कहा। उन्होंने पैपराजी से यह भी कहा कि वे चिल्लाएं नहीं, क्योंकि इससे दिल की समस्या हो सकती है। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जैकी को अपने खास अंदाज में पैपराजी से बात करते हुए देखा जा सकता है। दरअसल योग दिवस पर पैपराजी और मीडिया ने उन्हें और उनकी कार को घेर लिया था। जैसे ही पैपराजी ने उनका नाम पुकारा, उन्होंने कहा, 'सांस ले लंबा सांस ले। शांति!

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस' ओटीटी 3 में नजर आएंगे साई केतन राव

नई दिल्ली। 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के प्रतिभागियों का खुलासा होना शुरू हो गया है। इस कड़ी में अगले प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं, बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो 'मेंहदी है रचने वाली' में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'चाशनी' और 'इमली' जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने 'थ्री हाफ बॉटल्स', 'लव स्टूडियो', 'लवली', 'अहम ब्रह्मास्मि', 'स्ट्रेंजर्स' आदि सीरीज में काम किया है। टीवी शो और वेब सीरीज के अलावा उन्होंने कुछ तेलुगु शॉर्ट मूवीज में भी काम किया है। उन्होंने सबसे पहले साल 2016 में तेलुगु शॉर्ट फिल्म 'डेविल इन डिसगाइज' में काम किया। इसके बाद वह तेलुगु फिल्म 'नेने राजू नेने मंत्री' में काम किया। इसके अलावा वह एक बॉक्सर भी हैं। साई स्टेट लेवल पर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भी हिस्सा ले चुके हैं। अब वह 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के साथ एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# इस हादसे की वजह से बदल गई थी सना की जिंदगी



**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री सना मकबूल खान इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे इस बार 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' में ग्लैमर का तड़का लगाती नजर आने वाली हैं। सना मकबूल के फैंस उन्हें घर में देखने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सना मकबूल खान टीवी की दुनिया का चमकता हुआ नाम है। वे टीवी के अलावा तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सना मकबूल खान कई हिट शो का हिस्सा रह चुकी हैं। वे 'कितनी मोहब्बत 2', 'इस प्यार को क्या नाम दूं' और 'आदत से मजबूर' जैसे शो में काम कर चुकी हैं। सूत्रों की मानें तो सना को हेपेटाइटिस हो गया था। इस वजह से उन्हें अपने कई शो से भी हाथ धोना पड़ा था। वहीं अब वे एक बार फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। सना मकबूल खान लंबे समय के बाद 'बिग बॉस ओटीटी 3' से वापसी करने जा रही हैं।

*एक्शन में साउथ की ये एक्ट्रेस पुष्पा और केजीएफ से भी निकली आगे*

# रेचेल का धांसू टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** हनी रोज की फिल्म रेचेल का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर ने इशारा कर दिया है कि फिल्म जबरदस्त मारधाड़ और खून-खराबा देखने को मिलेगा। आनंदिनी बाला रेचेल के साथ डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रही है। इस टीजर से इशारा मिल जाता है कि हनी रोज को एकदम नए अंदाज में पेश किया जाएगा और उनके एक्टिंग के हुनर का भरपूर फायदा भी उठाया जा रहा है। फिल्म में बाबू राज, कलाभवन शाजोन, रोशन बशीर, चंदू सलीमकुमार, राधिका राधाकृष्णन, जाफर इडुक्की, विनीत थट्टिल, जोजी, दिनेश प्रभाकर, पॉली वलसन, वंदिता मनोहरन जैसे कलाकार भी हैं।रेचेल मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार है। रेचेल का टीजर देखकर फैन्स




जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। एक फैन ने हनी रोज की तारीफ करते हुए लिखा है कि हनी रोज यहां सिर्फ एक्टिंग नहीं कर रही हैं, बल्कि वो इस कैरेक्टर को जी रही हैं। इसे देखकर रोंगटे खड़े हो गए। वहीं एक कमेंट आया है कि यह फिल्म हनी रोज की सबसे बेहतरीन फिल्म होगी। फिल्म देखने का इंतजार है। यहीं यूट्यूब पर इसके बैकग्राउंड म्यूजिक को लेकर भी जमकर कमेंट आ रहे हैं। इस तरह फैन्स को अब इंतजार है तो रेचेल के ट्रेलर का। साउथ की एक्ट्रेस हनी रोज का पूरा नाम हनी रोज वर्गीज है। हनी मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। 2023 में हनी रोज ने 'वीरा सिम्हा रेड्डी' के साथ तेलुगू फिल्मों में कदम रखा और धूम मचा दी।

# बॉलीवुड सुपरस्टार की बिग बजट फिल्म साबित हुई डिजास्टर

**नई दिल्ली।** बिग बजट की फिल्में इस उम्मीद से बनाई जाती हैं कि बॉक्स ऑफिस पर उतरते ही ये मूवीज अपना कमाल दिखाएंगी और मेकर्स ने फिल्म को बनाने के लिए जो बड़ा अमाउंट खर्च किया होता है। उसकी लागत वसूलने की भी उम्मीद होती है। साथ ही मुनाफा कमाने की भी ख्वाहिश होती है। लेकिन हर फिल्म उस उम्मीद पर खरी नहीं उतरती।इसका उदाहरण है आशुतोष गोवारीकर की वो फिल्म जिसे बनाने के लिए उन्होंने सौ करोड़ से ज्यादा रुपए फूंक दिए। अकेले हीरो ने ही फिल्म के लिए 68 करोड़ रुपए की फीस ली। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई और डिजास्टर साबित हुए। ये फिल्म थी मोहनजो दारो। जो आशुतोष गोवारीकर ने डायरेक्ट की थी। ऋतिक रोशन, पूजा हेगड़े और कबीर बेदी, इसमें लीड रोल में थे। पूरी फिल्म बनाने में आशुतोष गोवारीकर ने करीब 115 करोड़ रुपए खर्च किए थे। आईएमडीबी के मुताबिक, इस बजट में 68 करोड़ रुपए सिर्फ ऋतिक रोशन की ही फीस थी। फिल्म 206 में रिलीज हुई थी।लेकिन उनका करिश्मा भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कोई कामयाबी नहीं दिलवा सका। ऋतिक रोशन की ये फीस उस समय के हिसाब से किसी हीरो की सबसे ज्यादा फीस थी। फिल्म की कहानी मोहनजो दारो सिविलाइजेशन



के इर्द गिर्द घूमती है। उस दौर को रचने के लिए आशुतोष गोवारीकर ने सेट्स और कॉस्ट्यूम्स पर बहुत पैसा खर्च किया। फिल्म की कहानी एक युवा से शुरू होती है जिसे सपने में यूनिकॉर्न दिखता है। और उसकी तलाश में वो मोहनजो दारो तक आ जाता है। जहां के लोगों को शासक के जुल्मों सितम से बचाने के लिए वो लंबी लड़ाई लड़ता है। उसके बाद एक नई सभ्यता का उदय होता है। फिल्म की कहानी दर्शकों के गले नहीं उतर सकी थी और फिल्म की जबरदस्त हाइप होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस सिर्फ 100 करोड़ रुपए ही कमा सकी थी।

# फिल्म इंडस्ट्री के वो स्टार्स जिन्होंने बदले अपने असली नाम

*मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर्स की पहचान उनके नाम से होती है। आज फिल्म इंडस्ट्री में कई नाम ऐसे हैं जिसे हर कोई जानता है। हालांकि, ऐसे कई एक्टर्स हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में आने से पहले अपने नाम को बदला। आज हम आपको उन एक्टर्स के असली नाम बता रहे हैं।*



## शाहरुख खान

किंग खान, बादशाह, रोमांस किंग...ये कुछ नाम हैं जो शाहरुख खान के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। ये नाम उनको उनके फैंस और इंडस्ट्री में अपने काम पर मिले, लेकिन क्या आप जानते हैं शाहरुख खान का असली नाम कुछ और था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान की नानी ने उनका नाम अब्दुल राशिद खान रखा था। बाद में, उनके पिता ने उनका नाम बदल कर शाहरुख कर दिया था।

## सलमान खान

आपको जानकर हैरानी होगी की सलमान खान का असली नाम अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान था। सलमान खान का ये नाम उनके पिता सलीम खान और दादा अब्दुल रशीद खान के नाम से मिलकर बना है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्मों में आने के बाद उन्होंने अपना नाम सलमान खान कर लिया था। आज पूरी दुनिया उन्हें सलमान खान के नाम से जानती है।





## रेखा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा ने अपने वक्त में बहुत सी हिट फिल्में दी हैं। वो आज भी एक जानामाना नाम हैं और हर कई उनकी सुंदरता की तारीफ करता है। क्या आप जानते हैं रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेश है। उन्होंने फिल्मों में काम करने के लिए अपने नाम को छोटा करके रेखा रख लिया था।

## अक्षय कुमार

अक्षय कुमार का असली नाम राजीव भाटिया था। उन्होंने फिल्मों में आने के बाद अपना नाम बदला। एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने बताया था कि फिल्म 'आज' में लीड रोल कुमार गौरव निभा रहे थे। फिल्म में उनके किरदार का नाम अक्षय था। एक दिन उन्हें पता नहीं क्या हुआ वो कोर्ट गए और अपना नाम अक्षय कुमार कर लिया।



## शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी को कौन नहीं जानता। हर कोई इस नाम से वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिल्पा शेट्टी का ये असली नाम नहीं है। शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनका नाम उनकी मां ने चेंज किया था। शिल्पा की मां एक एस्ट्रोलॉजर हैं और उन्होंने बेटी का करियर बनाने के लिए नाम बदलने का फैसला किया था।



## खबर संक्षेप

### बरमकेला के ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

रायगढ़। जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने ग्राम पंचायत पंचधार जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम पंचायत सचिव लक्ष्मीकांत बहिदार को अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टियां दोषी पाये जाने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बरमकेला निर्धारित किया गया है।

### प्रशासन समिति की सामान्य सभा 26 को

रायगढ़। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 26 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### श्रम विभाग ने मुक्त कराए तीन बाल मजदूर

रायगढ। शहर के सतीगुडी चौक स्थित एक आटो पार्ट्स की दुकान पर औचक कार्रवाई करते हुए श्रम विभाग ने तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और दुकान संचालक पर श्रम अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की। जानकारी के मुताबिक़ नगर के सतीगुडी चौक पर कटकवार आटो पार्ट्स की दुकान में तीन .चार बाल श्रमिक काम करते देखे जाने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से श्रम विभाग को प्राप्त हुई थी ए जिसके बाद शुक्रवार को श्रम विभाग के आधा दर्जन निरीक्षक व पुलिस जवान संबंधित आटो पार्ट्स की दुकान में पंहुचे और कम उम्र के बच्चों को काम करते पाया। इस पर कटकवार आटो पार्ट्स के संचालक से बात की गई तो उसने बताया कि बच्चे जरुरतमंद हैं और काम सीखने के लिए दुकान आये थे जिन्हें सामान्य कार्य दिखाया जा रहा है। वहीं श्रम विभाग ने तीनों बाल श्रमिकों को मुक्त कराते हुए दुकान संचालक पर बालश्रम नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की।

### सीएचसी स्वास्थ्य कर्मियों का सामूहिक प्रदर्शन

रायगढ़। सारंगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा दिनांक 18 जून से चरणबद्ध तरीके से आंदोलन में शामिल होने की सूचना कलेक्टर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को दिए हैं। आलोक मिश्रा, प्रांताध्यक्ष छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का पत्र के आधार पर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा ज्ञापन दिया गया कि छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के तीन सूत्रीय मांगों हेतु जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दिनांक 18 जुन 24 से संघ द्वारा चरणबद्ध तरीके से नियोजित आंदोलन में शामिल हो रहे है।

## पेज 1 का शेष...

### स्वच्छ मन स्वच्छ ...

चर्चा किया गया। इसी तरह बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन,वज्रासन व वीरासन, साथ अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, दंडासन, चक्रासन का अभ्यास एवं सावधानियों पर चर्चा हुई। पश्चात पीठ एवं पेट के बल लेटकर किए जाने वाले आसनों में मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, धनुरासन उत्तानपादासन, अर्धहलासन, पवनसुत आसन, शवासन का सामान्य अभ्यास कराते हुए लाभ एवं सावधानियों पर जानकारी दी गई। प्राणायाम में कपालभाति, नाड़ीसोधन, सीतली, भ्रामरी, प्राणायाम के साथ ध्यान एवं संकल्प कराया गया। इस आयोजन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत कोतबा बसंत बुनकर ने आग्रह किया। साथ ही योग गुरु व्याख्याता उमेश पैकरा ने स्वास्थ के लिए उत्तम साधन योग को बताया। इस आयोजन में पार्षद उमाशंकर भगत, शिक्षक मदन साहू, फिल्मोन एक्का,डि. खाखा, जेके सिदार सहित सभी शिक्षक नगर पंचायत कोतबा स्तरीय समस्त विभाग अधिकारी कर्मचारी विद्यालय के संस्था प्रमुख शिक्षक छात्रों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता, सफाई मित्र स्वक्षता दिदियां आदि उपस्थित रहे। आयोजन में योग प्रशिक्षक उमेश पैकरा शिक्षक मदन साहू एवं योग गुरू ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर योग प्रशिक्षकों का सम्मान उपस्थित पार्षद उमाशंकर भगत द्वारा किया गया एवं अंत में नगर पंचायत कोतबा में कार्यरत सफाई मित्र दीदीयों का सम्मान करते हुए स्वच्छता के लिए शपथ दिलाए गए।

---

### मेन्युफैक्चरिंग न एक्सपायरी डेट, शहर में खूब बिक रहे अमानक खाद्य पदार्थ

# नागरिकों की सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़ कई पैकेट पर कंपनी तक का नाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर और कस्बों में छोटे से लेकर बड़े दुकानदार विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। इन पैक्ड खाद्य सामग्रियों पर न तो पैकिंग तिथि अंकित होती है न एक्सपायरी डेट। कई बड़े व्यापारी गोदाम और घरों में ही खाद्य सामग्री प्रिंटेड पैकिंग में पैक करते हैं। जबकि यह तय मापदंडों के अनुसार नहीं है।

ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में छोटे से लेकर बड़े व्यापारी दुकानों और घरों में ही खाद्य सामग्री का निर्माण कर उन्हें बेच रहे हैं। इन खाद्य सामग्री का कब तक इस्तेमाल करना हैए एक्सपायरी कब होगीए तिथि का कोई अता.पता नहीं है। न ही उस पर बैच नंबर प्रिंट रहता है। यह खाद्य सामग्री होटल और रेस्टोरेंट में भी पहुंच रही है। इसमें आटा, नमकीनए ब्रेडए टोस्ट समेत अन्य खाद्य सामग्री शामिल हैं।



#### लापरवाही पर सजा और जुर्माना

यदि किसी खाद्य सामग्री के पैकेट पर एक्सपायरी डेट नहीं है। इसके अलावा पैकिंग का तरीका असुरक्षित है तथा बैज नंबर व पता भी उल्लेखित नहीं है तो इसे न केवल घोर लापरवाही माना जाएगा। बल्कि नियमों का पालन नहीं करने वाले दुकानदार व कंपनी के खिलाफ 3 से 5 लाख रुपए तक जुर्माना करने का प्रावधान है।

#### नमकीन व मसाला पैकेटों पर नहीं मेन्युफेक्चरिंग डेट

जगह-जगह होटल व दुकानों पर साधारण पॉलीथिन में पैक मक्खन टिकिया, नमकीन, मसाला व अन्य खाद्य सामग्री बेची जा रही है। इन पैकेट पर मेन्युफेक्चरिंगरिंग डेट है न एक्सपायरी डेट। जब विक्रेताओं से यह पूछा गया कि इन खाद्य पदार्थों को कौन बना रहा है तथा उनका ठिकाना कहां है तो दुकानदारों के पास इसका जवाब नहीं था। दुकानदार भी मुनाफे के लालच में लापरवाही बरत रहे हैं। फूड सेफ्टी की किसी भी गाईडलाईन का पालन नहीं हो रहा है। मुनाफे का लालच लोगों की जान का दुश्मन बना बैठा है।

#### एक्ट के तहत लाइसेंस लेना आवश्यक

- 12 लाख से ज्यादा के आय.व्यय वाले दुकानदारों को फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत लाइसेंस लेना आवश्यक।
- 12 लाख से कम आय वाले दुकानदारों को खाद्य औषधि प्रशासन विभाग में पंजीयन करना होगा।
- खाद्य सामग्री के पैकेट पर निर्माता कंपनी का नाम और पते का स्पष्ट उल्लेख हो।
- यदि उत्पादक ने किसी खाद्य सामग्री में रंग मिलाया है, तो उसकी क्वालिटी का स्पष्ट उल्लेख हो।
- खाद्य सामग्री के पैकेट पर न्यूट्रीशियन वैल्यूए बैज नंबरए निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट का अंकित होना आवश्यक है।
- अमानक खाद्य पदार्थ जिनके पैकेट पर एक्सपायरी डेड, रेट, निर्माता कंपनी का नाम व पते का उल्लेख नहीं है।

#### सेहत को नुकसान

अमानक खाद्य पदार्थों का सेवन शरीर के लिए नुकसानदायक है। इससे बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। इन खाद्य पदार्थों को ज्यादा दिनों तक भी नहीं रखा जा सकता है।

-डॉ.एके गुप्ता, वरिष्ठ फिजीशियन

#### होगी जांच

ऐसे मामलों में शिकायत के अभाव में जांच व कार्रवाई प्रभावित होती है। शहर में गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री के बिक्री की जांच जल्द शुरु की जाएगी।

-मोहित बेहरा, निरीक्षक, खाद्य एवं औषधि विभाग

#### सड़क किनारे खुले में बिक रही खाद्य सामग्री

शहर के मुख्य बाजार जिनमें संजय काम्प्लेक्स, पुरानी हटरी, गांधी प्रतिमा, घड़ी चौक, कोतरा रोड, केवडाबाडी, ढिमरापुर, चक्रधर नगर, अनेक क्षेत्रों में सडक किनारे हाथठेलों में धड़ल्ले से खाद्य सामग्रियों में समोसा, कचोरी, पोहा, भजिया, मंगोड़े और छोले भटूरे इत्यादि बेची जा रही हैं। जिनमें समोचा, मंगोड़े और छोलू भटूरे के तलने के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले खाद्य तेल का लगातार प्रयोग किया जाता है। जो कि स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है।

---



कार्रवाई के दौरान जब्त टैंकर।

## 34 केएल डीजल लोड टैंकर खाद्य विभाग ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के घरघोड़ा तहसील में स्थित कलिंगा कमर्शियल कार्पो. लिमि. के द्वारा डीजल एचएसडी बीएस व्हीआई के अवैध विक्रय किये जाने हेतु गुजरात के जामनगर रिफाईनरी से मंगाये गये 34 केएल डीजल लोडमय टैंकर क्रमांक जीजे 12 बी एक्स 9751 को खाद्य विभाग रायगढ़ द्वारा जप्त किया गया है।

■ गुजरात के जामनगर रिफाईनरी से मंगाया गया था डीजल

जांच में यह पाया गया कि कलिंगा कमर्शियल कार्पो.लिमि द्वारा एमएस एचएसडी का क्रय विक्रय बिना अनुज्ञा के किया जा रहा है, इसके द्वारा तलईपाली कोल माईनिंग में लगे वाहनों को डीजल सप्लाई किया जाता है। जांच में यह तथ्य पाया गया कि उपरोक्त मंगाए गए 34 केएल डीजल का कुल क्रय मूल्य 26 लाख 86 हजार 536 रूपये है जो कि 01 लीटर का मूल्य 79 रूपये होता है, जबकि घरघोड़ा क्षेत्र में 01 लीटर डीजल का विक्रय मूल्य लगभग 94.24 रूपये 15 रूपये मार्जिन अवैध लाभ लिया जा रहा है। कलिंगा कमर्शियल कार्पो. लिमि. के विरूद्ध छग मोटर स्पिरिट एवं हाई स्पीड डीजल ऑयल अनुज्ञापन तथा नियंत्रण आदेश 1980 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण खाद्य विभाग द्वारा तैयार कर प्रकरण न्यायालय कलेक्टर में प्रस्तुत किया गया ।

---

## कलेक्टर ने सरिया क्षेत्र के बाढ़ संभावित गावों का जायजा लिया



बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले के सरिया क्षेत्र के बाढ़ संभावित गांवो सांकरा और ठेंगागुड़ी का जायजा लेने कलेक्टर धर्मेश साहू, एसपी पुष्कर शर्मा, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार शनि पैकरा आदि पहुंचे।

कलेक्टर ने वहां सरकार की योजनाओ के कार्यों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से पूछकर पीएम आवासए नल जल योजनाए महतारी वंदन, पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन, राशनकार्ड, पीडीएस राशन का मैदानी क्षेत्रों में योजनाओ के पहुंच का जायजा लिया। जिला टीम ने बरमकेला से ओडिशा सीमा अंचल स्थित ग्राम पंचायत सांकरा का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस बार जिला प्रशासनए बाढ़ के पूर्व तैयारी को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। कलेक्टर ने बाढ़ तटबंधों का सघन जायजा लिया। सरिया तहसील अंतर्गत आने वाले बाढ़ ग्राम पंचायतों मे लोगों की बाढ़ के समय किसी भी प्रकार की कठिनाइयों से जूझना नहीं पड़े। इसको लेकर प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रहा है। बाढ़ के समय बाढ़ पीड़ितों को रहने के लिए ऊंचे स्थल का भी चयनए लगने वाले शिविर में बाढ़ पीड़ितों को हर तरह की मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, पहुंच पथ और सामुदायिक किचन के लिए आदिवासी बालक आश्रम सांकरा को चिन्हित किया गया है। विगत पाक्षिक में बाढ़ आपदा की बैठक और मॉकड्रिल किया जा चुका है। बैठक में पानी से कैसे बचाव जरूरी है। खाद्य पदार्थों का भंडाराए कहां लोगों को ठहराव करना हैए किस तरह से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इन सभी मुद्दों पर समीक्षा बैठक लेकर सभी सुविधाओं के बारे में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। वही शासन की योजनाओं का जनता को लाभ मिल रहा है कि नहीं इन संबंध में भी चर्चा किया गया। इस दौरा के जिला टीम में कलेक्टर, एसपी के अलावा हरिशंकर चौहान परियोजना निर्देशकए सीएमएचओ डॉक्टर अवधेश पाणिग्राही, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार शनिराम पैकरा, डॉ. संजय पटेल बीएमओ, प्रज्ञा यादव सीईओ कमलेश कुमार मेहरा पीईओ, महिला बाल विभाग सहित गांव के सरपंच सचिव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

■ बाढ़ के पूर्व कलेक्टर के नेतृत्व में जिला टीम का दौरा

### जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर लगाने के निर्देश

सारंगढ़। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा समय सीमा की बैठक में गत दिवस किया। कलेक्टर श्री साहू ने आयुष्मान, आधार सीडिंग, भूमि सीडिंग ई केवायसी, सिकलसेल, कुष्ठरोग, खाद बीज वितरण, नगरीय निकायों में परिसीमन सहित लंबित प्रकरणों का समीक्षा किया गया। कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि जिले के वंचित नागरिक जिन्होंने आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया है। वो नजदीकी च्वाईस सेंटरए अस्पताल जहां आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है, वहां जाकर अपना आयुष्मान कार्ड शीघ्र बना लें। कलेक्टर श्री साहू को कृषि अधिकारी ने बैठक में जानकारी दिया कि किसानों के ई.केवायसी 99 प्रतिशत हो चुका है, जिसमें 71 हजार 540 किसानों में से 70 हजार 886 किसानों का केवायसी हो चुका है।

## ग्राम सपनई में चेचक का प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग बांट रहा दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनपद पंचायत रायगढ़ के अंतर्गत ग्राम सपनई में बीते करीब पखवाड़े भर से कई लोग चेचक की चपेट में आ चुके हैं। आलम यह है कि यहां हर घर में करीब दो से तीन लोग इसके शिकार हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची तो सर्वे करते हुए मरीजों को दवा का वितरण किया। हालांकि झाड़फूंक से इलाज कराने के चक्कर में एक युवती मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सपनई में विगत 15 दिनों से चेचक को प्रकोप देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि यहां हर घर में दो से तीन लोग इसकी चपेट में आये हैं। किंतु इसमें सबसे अहम बात यह है कि मरीज का इलाज झाड फूंक के माध्यम से करा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव के पुरुषोत्तम राठिया को करीब 10 दिन पहले चेचक हुआ था तो उसने झाड़फूंक कराया और इसके बाद वह स्वस्थ हो गया। किंतु उसके बाद उसके बेटे को चेचक हो गया, उसने भी उसका इलाज ड़ाडफूंक से ही कराया था, जब वह ठीक हो गया, लेकिन चार दिन पहले पुरुषोत्तम की 18 वर्षीय बेटी चंद्रकला को भी चेचक हो गया। चंद्रकला राठिया के पूरे शरीर में चेचक फैल गया। जिसके कारण उसे तेज बुखार व शरीर में असहनीय दर्द हो रहा था, जिससे परिवार के लोग लगातार उसकी झाड़फूंक करा रहे थे। इस दौरान बुधवार की शाम को उसकी तबीयत ज्यादा बिगडऩे लगी, तब बैगा द्वारा फिर से झाडफूक किया गया। किंतु इस बार उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ और रात में वह बेहोश हो गई। जिसके बाद परिजनो ने डायल 112 को संपर्क कर बुलाया और रात करीब दो बजे उसे मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच किया तो उसकी तबीयत काफी नाजूक हो गई थी। जिसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। इस दौरान गुरुवार को भोर में करीब चार बजे उसकी मौत हो गई। जिससे अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

■ झाड़फूंक से इलाज कराने के फेर में युवती की हुई मौत

ऐसे में अब पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो सकेगा कि युवती की मौत चिकनपॉक्स से हुआ है या कोई और कारण है।

#### आधा गांव चेचक से पीड़ित

इस संबंध में मृतिका के परिजनों ने बताया कि सपनई गांव विगत 15 से 20 दिनों से गांव में चेचक फैला हुआ है। उनके अनुसार तकरीबन हर घर में एक दो लोग इसके चपेट में आए हुए हैं। जिला अस्पताल के विशेषज्ञों से बात की गई तो उनका कहना था कि गुरुवार को चंद्रकला राठिया के मौत होने के बाद उसका शव पोस्टमार्टम के लिए आया था, जिसका पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

#### पीएम रिपोर्ट में होगा खुलासा

सपनई में चिकनपाक्स फैलने की सूचना मिली थी, जिससे सर्वे कराने पर तीन केस मिले हैं। जहां तक युवती की मौत की बात है तो चिकनपाक्स से कभी मौत नहीं होती है अगर हुई है तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो सकेगा।

-डॉ. हितेश जायसवाल
बीएमओ, लोईंग स्वास्थ्य केंद्र

## किसान कतार में, बैंककर्मी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला अपेक्स बैंक में कर्मचारियों की मनमानी और लापरवाही किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। किसानों के सुविधा के लिए खोला गया अपेक्स बैंक की शाखा बरमकेला में किसानों का केसीसी लोन की स्वीकृति नहीं हो पा रहा है।

मानसून के पहले किसानों को खाद.बीज की जरुरत पड़ रही है, लेकिन बैंक व सहकारिता विभाग की हठधर्मिता के आगे किसान बेबस नजर आ रहे हैं। ऐसे में उन्हें निजी बाहरी दुकानों के आगे महंगे दामों में खरीदी करनी पड़ रही है, लेकिन कलेक्टर द्वारा कोई एक्शन नहीं लेने की वजह से किसान परेशान हैं। यहां बैंक कर्मियों की मनमानी चरम पर है। किसानों के लिए खोला गया अपेक्स बैंक की शाखा बरमकेला में कतिपय कर्मियों की मनमानी किस तरह से बढ़ गई है। इसे आप तस्वीर में देख कर अंदाजा लगा सकते हैं। शाखा के बाहर किसानों की भीड़ लगी हुई है। किसान अपना सारा कामकाज छोड़कर यहां लोन समेत अन्य कामों के लिए पहुंचे हुए हैं। किसान काउंटर पर लाइन लगाए खड़े हैं और अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी तरफ बैंककर्मी मजे से अखबार पढ़ते नजर आ रहा है। इस तरह की मनमानी से किसान न सिर्फ दुखी हैंए बल्कि आक्रोशित भी हैं। कामकाज छोड़कर अखबार पढ़ने वाले कर्मचारी का नाम रमाकांत श्रीवास बताया जा रहा है। हालांकि जब इस संबंध में बैंक के शाखा प्रबंधक बीआर वागमारे से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि लिंक फेल होने के कारण काम नहीं हो रहा था। इसलिए कर्मचारी अखबार पढ़ रहा। बता दें कि पूरे विकासखंड बरमकेला की एक मात्र शाखा होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे आए दिन किसान बैंक की लेन देन के लिए दर.दर भटकने को मजबूर हैं। परंतु इनकी व्यवस्था एवं इनकी परेशानी को दूर करने के लिए एक भी जनप्रतिनिधि सामने नहीं आ रहे हैं।

■ कृषक हो रहे परेशान
■ बरमकेला शाखा का मामला



## दीदी सदन के भूमिपूजन में शामिल हुए ओपी

रायगढ। माताओं बहनों के लिए दीदी सदन का भूमि पूजन करते हुए विधायक रायगढ़ एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा रायगढ़ वासियों ने जो अपार स्नेह आशीर्वाद दिया है मैं हमेशा ऋणी रहूँगा।

मोदी जी के बयान को दोहराते एम हुए कहा कामों के लिए हेड लाइन बल्कि डेड लाइन तय होनी चाहिए। कार्यों को जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्ण तरीके से समय अवधि में पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता है। जिला प्रशासन के अधिकारी सभी कार्यों का रोड मैप बनाकर रखते है। वर्षा ऋतु के बावजूद उन्होंने यह भरोसा दिलाते हुए कहा भाई दूज के दिन महिला सदन का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। जनता के आशीर्वाद से प्रेरित होने की बात दोहराते हुए ओपी चौधरी ने कहा इस भवन के संचालन में किसी का हस्तक्षेप नहीं होगा दीदी स्वय तय करेगी कि भवन का संचालन किस तरह से होगा। विष्णु देव साय सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए मंत्री श्री चौधरी ने कहा इतनी बड़ी योजना देश के किसी प्रदेश में नही है। हर महीने मेरे हस्ताक्षर से पैसे जब प्रदेश की बहनों के खाते में हस्तान्तरित होते तो मुझे आत्मिक संतोष का अनुभव होता है। उद्बोधन के दौरान ओपी ने अधिकारियों से इस भवन का निर्माण मजबूती से करने की बात कही ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर इसके ऊपर निर्माण कराया जा सके।

### मारपीट का आरोपी भेजा गया जेल

रायगढ़। मिट्ठुमुडा में रहने वाले महावीर चौहान उम्र 40 वर्ष द्वारा उसके छोटे भाई अजय चौहान पर मामूली बातों पर मारपीट करने और घर में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसका भाई अजय आए दिन घर पर झगड़ा विवाद करता है। 18 जून के दोपहर करीबन 12 बजे अजय चौहान शराब के नशे में घर आकर मां से शराब पीने के लिये रूपये मांग रहा था जिसे रूपये नहीं मिलने पर इसके साथ गंदी.गंदी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और आवेश में आकर घर में रखे सब्जी काटने के चाकू से मारपीट कर चोट पहुंचाया है। मारपीट की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में आरोपी अजय चौहान 25 साल के विरूद्ध धारा 294,506,323,327 का अपराध पंजीबद्ध कर आहत महावीर चौहान का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 324 विस्तारित कर आरोपी अजय चौहान को 19 जून के देर शाम जूटमिल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कल जूटमिल पुलिस द्वारा न्यायालय रिमांड लेने पेश किया गया था।

*रायगढ़। जिला पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत बिना हेलमेट वाहन चालकों को चालानी कार्रवाई पश्चात निः शुल्क हेलमेट का वितरण किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग मार्गों में चालानी कार्रवाई कर उस क्षेत्र में कैम्प लगाकर हेलमेट वितरण किया जा रहा है।

### जल शक्ति थीम पर महिलाओं की भागीदारी

# नारी शक्ति ने चलाया जल संरक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं भू.जल निर्भरता कम करने हेतु जल शक्ति अभियान कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस वर्ष यह अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के साथ चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जल संरक्षण में महिलाओं की सक्रिय भूमिका को बढ़ावा देना और उनके योगदानों को पहचान देना है।

कलेक्टर के निर्देश व सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में जल शक्ति अभियान के तहत सभी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है। सिंचाई विभाग को अभियान का नोडल बनाया गया है। कार्ययोजना के सुचारू संचालन एवं विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने हेतु जल संसाधन संभाग, रायगढ़ द्वारा जल शक्ति केन्द्रए रायगढ़ की



स्थापना की गई है। जल शक्ति अभियान 2024 के लिए पंचायतों में महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगाए साथ ही जल संचयन के लिए अधोसंरचना विकास और प्रबंधन के लिए अंतर्विभागीय समन्वय से कार्य किया जाएगा। ईई सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जल शक्ति के लिए बनाई गई कार्ययोजना में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के सभी पंचायतों में जल शक्ति अभियान के तहत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को पेयजल जांच संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जल संरक्षण की दिशा में विशेष पहल करते हुए स्कूली बच्चों के लिए कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जल संसाधन विभाग रायगढ़ द्वारा जल संसाधन विभाग के डेम के गाद सफाई का कार्य कराया जाएगा। जिला पंचायत द्वारा चेकडेम, बोल्डर चेक डेमए मिट्टी चेक डेमए तालाबों का निर्माण मरम्मत कार्य एवं वाटर कंजर्वेशन हेतु ट्रेप निर्माणए कुंआ निर्माणए सोकपिट, परकोलेशन टैंक जैसे अन्य निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार जंगली.जानवरों के लिए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं जल संग्रहण हेतु वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण और पानी रोकने हेतु जलीय संरचनाओं का निर्माण कराया जाएगा। रायगढ़ में स्थापित जल शक्ति केंद्र जल संरक्षण की दिशा में जिले के जल संरक्षण तकनीकों से संबंधित सूचनाओं के प्रसार के लिए ज्ञान केंद्र होंगे और लोगों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया
डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
को-डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉंचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 16,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411